लालगोपालगंज के युवक की लुधियाना में संदिग्ध दशा मौत

परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, पुलिस जांच पर टिकी निगाहें

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। कस्बे के दानियालपुर निवासी एजाज फारूकी पुत्र बब्बू फारूकी की पंजाब के लुधियाना में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। होटल के कमरे में उसका शव पंखे से लटका मिला। घटना के बाद होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सामने आयी है। परिजनों और पड़ोसियों ने युवक की मौत को लेकर हत्या की आशंका जतायी है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार, एजाज करीब पांच वर्ष पहले सऊदी अरब में ड्राइविंग का काम करता था। वहां से लौटने के बाद वह मुंबई चला गया और वाहन चलाने लगा। बताया जा रहा है कि किसी काम से लुधियाना पहुंचने पर वह एक होटल में ठहरा था। इसी दौरान कमरे में उसका शव मिला। होटल कर्मचारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाकर शव बरामद किया। मृतक के पर्स में मिले कागजात के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग लुधियाना पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया, जहां बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। होटल की सीसीटीवी फुटेज और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को जांच के लिहाज से अहम माना जा रहा है। हालांकि, फुटेज में क्या दिखाई दिया है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी है। अब पुलिस जांच से ही मौत की परिस्थितियों और कारणों का पता चल सकेगा।



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

पोषण माह में पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

'सुपोषित भारत, स्वस्थ भारत' विषय पर विद्यार्थियों ने दिया पोषण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से पोषण माह के उपलक्ष्य में 'सुपोषित भारत, स्वस्थ भारत' विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से पोषण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। बुधवार को प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में इशांकी केसरवानी ने प्रथम, राजेश यादव द्वितीय, आंचल मिश्रा और आकांक्षा विश्वकर्मा को संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। वहीं, एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अमीषा बिंद को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डीएसडब्ल्यू प्रो. छाया मालवीय, डीन साइंस डा. आशीष शिवम और एनएसएस प्रभारी डा. श्रवण कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीबी तिवारी, डीन एकेडमिक डा. सब्यसाची, डीन आर्ट्स डा. आरसी मिश्र, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. शिखा खरे, डा. राजेश तिवारी, डा. विक्रम सिंह और डा. ममता मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. मोनिका गुप्ता ने किया।

मऊआइमा में घर से नकदी और जेवरात चोरी

पीछे से चढ़कर घर में घुसे चोर, डाग स्क्वाड और फारेंसिक टीम ने जुटाये साक्ष्य

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के उमरिया बादल गेंदा गांव में मंगलवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। घर के पीछे से चढ़कर अंदर घुसे चोर कमरों में रखे बक्सों और अटैचियों का ताला तोड़कर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान समेट ले गये। बुधवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डाग स्क्वाड और फारेंसिक टीम की मदद से जांच-पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी चंद्रकांती देवी के पति राकेश चंद्र मौर्य रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते हैं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य गांव में ही रहते हैं। चंद्रकांती देवी ने बताया कि मंगलवार रात भोजन करने के बाद वह अपनी बच्चियों के साथ घर के बरामदे में सो गयी थीं। बुधवार सुबह उठने पर कमरों के दरवाजे टूटे मिले। अंदर रखे बक्सों और अटैचियों के ताले टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता के मुताबिक, बक्सों और अटैचियों में रखे करीब १० हजार रुपये नकद, सोने की एक अंगूठी, चांदी की नौ जोड़ी बिछिया सहित अन्य कीमती सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने पुलिस की आपातकालीन सेवा ११२ पर सूचना दी।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान कल्याणपुर चौकी प्रभारी आयुष सिंह भी पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे। कुछ देर बाद डाग स्क्वाड और फारेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया।

भारतीय ज्ञान परंपरा का बनेगा विश्वकोश पहले खंड में तैयार होगी ग्रंथसूची

झूंसी (प्रयागराज)। भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और दस्तावेजीकरण के लिए विश्वकोश तैयार किया जाएगा। बुधवार, १४ अक्टूबर को आयोजित कार्यशाला में इसके निर्माण की रूपरेखा पर चर्चा हुई। इसमें वेदों, पुराणों, साहित्यिक एवं वैज्ञानिक ग्रंथों के साथ जैन, बौद्ध और अन्य भारतीय परंपराओं से जुड़े मूल स्रोत संकलित किए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-२०२० के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को प्रामाणिक ज्ञान-सामग्री उपलब्ध कराना है। कार्यशाला में आईआईटी, एमएनएनआईटी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और डीएवी कालेज सहित विभिन्न संस्थानों के विद्वानों ने भाग लिया। आयुर्वेद, संस्कृत, इतिहास, अर्थशास्त्र, विज्ञान, तकनीक और पांडुलिपि अध्ययन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। संस्थान के निदेशक प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वकोश का पहला खंड ग्रंथसूची के रूप में तैयार करने की योजना है। विद्वानों ने दुर्लभ ग्रंथों के संरक्षण, प्रामाणिकता और शोधपरक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

श्रीराम कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तिमय हुआ पण्डाल

रामकथा के तीसरे दिन कथावाचिका शाकाम्भरी द्विवेदी ने दिया मर्यादा और सदाचार का संदेश

घूरपुर (प्रयागराज)। नारीबारी क्षेत्र के ग्राम बड़ी जुही में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचिका शाकाम्भरी द्विवेदी 'मानस मंजरी' ने श्रीराम कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। कथा सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में डूब गये।

कथावाचिका ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर जीवन में धर्म, संस्कार और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण में मर्यादा, सेवा और नैतिक मूल्यों



को स्थान देने के लिए प्रेरित किया। कथा के दौरान पूरा पण्डाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने पहुंचकर श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया। आयोजन स्थल पर पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना रहा। यह धार्मिक आयोजन श्री नवदुर्गा उत्सव समिति, ग्राम बड़ी जुही, नारीबारी के तत्वावधान में कराया जा रहा है। कथा प्रतिदिन शाम सात बजे से रात दस बजे तक आयोजित हो रही है। आयोजकों और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मानस केसरी छैलबिहारी दास, शिवम द्विवेदी, आयोजक महेश जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, विशाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, आयुष जायसवाल और ऋषभ जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण के प्रति किसानों को करेगा जागरूकता वाहन

हंडिया (प्रयागराज)। पराली और फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। बुधवार, १४ अक्टूबर को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर हंडिया और प्रतापपुर विकासखंड के लिए रवाना किया। उप कृषि निदेशक ने जिलाधिकारी को बताया कि किसानों को पराली प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए जनपद के सभी तहसीलों और विकासखंडों के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग तथा वॉल पेंटिंग कराई जा रही है। इसके साथ ही प्रचार वाहनों के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष न जलाने और उसके उचित प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया।

सूचना-मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2005 अनुक्रमांक 1541478 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2007 अनुक्रमांक 0901870 का अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। सुधाकर पुत्र-नारायण धर पाण्डेय ग्राम-जरांव पो०-धोबहा तह.-हण्डिया प्रयागराज

वाद पदों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5, नियम 1 और 5)
न्यायालयः एसीजेएम-17
स्थानः प्रयागराज जिलाः प्रयागराज
वाद संख्याः 84 सनः 2020 ई0
वादीः स्टेट बैंक आफ इण्डिया
बनामः मेसर्स शिव आदित्य एग्रो प्रोडक्ट व अन्य
प्रतिवादी को
मेसर्स शिव आदित्य एग्रो प्रोटक्टस 800/523 कवि कुट्टी दारागंज प्रयागराज-21106
प्रोपराइटर मिस शिवागंना सिंह पुत्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह मकान संख्या 800/523 कवि कुट्टी दारागंज प्रयागराज-21106

चूंकि वादी बैंक ने आपके खिलाफ धन वसूली के लिये वाद संस्थित किया है अतएव आपको एतदद्वारा आहूत किया जाता है कि आप या स्वयं ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि सम्यकरुपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2026 के 12 दिवस को 08 बजे 10.00 आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।

आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ववर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज 08.10.2026 के दिवस को निकाला गया।

न्यायाधीश

सूचना
1- आपको यह अशंका है कि आपके साक्षीगण अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होगें तो आप किसी साक्षी को हाजिर के लिये मजबूर करने के लिये और किसी दस्तावेज के पेशी कराने के लिये जिसे कि पेश करने की ऐसी समाहूत कराने के लिये आपको अधिकार है, सम्मन इस न्यायालय में आवेदन करने पर और आवश्यक व्यय का निक्षेप कर देने पर इसे न्यायालय से ले सकते हैं।
2- यदि आप दावे को स्वीकारोत्तर करते हो तो आपको धन के खर्चों के सहित इस न्यायालय में जमा कर देना चाहिए कि ऐसी आज्ञाप्ति का निष्पादन जो कि आपने व्यक्तित्व या सम्पत्ति या दोनो के खिलाफ हो परिवर्जित हो जाय।

सूचना
सर्वविदित हो कि मेरा सही नाम मैशर अली शेख (MAISER ALI SHEIKH) पुत्र समीउल्ला शेख (SAMIULLA SHEIKH) जो मेरे पासपोर्ट नं. U0056045 में अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड सं0-XXXX XXXX 8286 में महशर अली (MAHASHAR ALI) पुत्र समीउल्ला (SAMI ULLA) अंकित है जो कि गलत है। अतः मेरे आधार कार्ड में सही नाम मैशर अली शेख पुत्र समीउल्ला शेख दर्ज कर इसी नाम से जाना पहचाना जाए।मैशर अली शेख पुत्र समीउल्ला शेख निवासी-गोलबा सिरसा थाना सरायममरेज तह0-हण्डिया प्रयागराज

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम अमित त्रिपाठी पुत्र प्रवीण कुमार त्रिपाठी है, जो मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों मे भी अंकित है। मेरे आधार कार्ड संख्या. XXXX XXXX 7313 में त्रुटिवश मेरा नाम अंकीत त्रिपाठी अंकित हो गया है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम अमित त्रिपाठी पुत्र प्रवीण कुमार त्रिपाठी के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधित औपचारिकताऐ स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण कि गई है। अमित त्रिपाठी पुत्र प्रवीण कुमार त्रिपाठी ग्राम प्रभुपुर चहानिया, पोस्ट सकलडीहा, जनपद चंदौली, उ. प्र 232109

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम शिवा शर्मा पुत्र गुड्डन शर्मा है जो कि उसके शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार सं. XXXX XXXX 7153 में उसका नाम वीरू अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम शिवा शर्मा पुत्र गुड्डन शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वंय मेरे द्वारा पूर्ण की गई है। गुड्डन शर्मा पुत्र स्व राम लखन शर्मा निवासी ग्राम. दुघरा, पो. उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर .प्र 273407

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम कु0 शीला कुमारी पुत्री सारंग धर द्विवेदी है, जो मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में भी अंकित है। मेरे आधार कार्ड संख्या. XXXX XXXX 0984 में त्रुटिवश मेरा नाम शीला देवी अंकित हो गया है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम-कु. शीला कुमारी पुत्री सारंग धर द्विवेदी, पत्नी सतीश चंद्र पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में समस्त विधित औपचारिकताऐ स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण कि गई है । कु. शीला कुमारी पत्नी सतीश चंद्र पाण्डेय ग्राम. गोड़री, पो. हंडिया जनपद इलाहबाद, उ. प्र 221503

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम कु. माया सरोज पुत्री राम खेलावन है जो कि मेरे शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं. XXXX XXXX 5249 में मेरा नाम माया देवी अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम कु. माया सरोज पुत्री राम खेलावन के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकता स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है। कु. माया सरोज पुत्री राम खेलावन ग्राम-मितई का पूरा थरवई पो - जैतवरडीह, जनपद इलाहबाद उ. प्र. 211013

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम मनौवर अली पुत्र आशिक अली है जो कि मेरे परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड, पैन कार्ड एवं पासपोर्ट में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं. [XXXX XXXX 9193] में मेरा नाम मनुअर अली अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम मनौवर पुत्र आशिक अली के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं। मनौवर अली पुत्र आशिक अली ग्रा0 मुबारकपुर, पो0 उरुवा बाजार तहसील गोला जनपद गोरखपुर उ0प्र0 273407

परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

डांडिया-गरबा से सजी शाम, श्वेता चौहान की प्रस्तुति पर झूमे लोग

नैनी (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर अरैल घाट स्थित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प परिसर में भव्य डांडिया-गरबा नाइट का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन कर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हवन-पूजन के बाद शुरू हुए सांस्कृतिक आयोजन में भक्ति, संगीत और नृत्य का अनूठा संगम देखने को मिला। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने डांडिया और गरबा की धुनों पर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अभिनेत्री श्वेता सिंह चौहान की प्रस्तुति रही। उन्होंने माता के भजनों और गरबा गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। दीपक डांस स्टूडियो और आरडीएक्स डांस सेंटर के बच्चों ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान उपस्थित रहीं। इसके अलावा इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति, प्रशासनिक अधिकारी और शहर के कई लोग शामिल हुए। आयोजक डा. पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों और प्रयागराजवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नवरात्र के उल्लास से सराबोर शाम ने लोगों को भक्ति और सांस्कृतिक रंगों से जोड़ दिया।

आज का मुहूर्त

दिनांक- १५ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- पंचमी रात्रि ०१.४२ तक उपरान्त षष्ठी
वार- गुरुवार
नक्षत्र- ज्येष्ठा समस्त
योग- सौभाग्य रात्रि १० बजे तक उपरान्त शोभन
राशि- वृश्चिक
सूर्योदय- ०६.१६ बजे
सूर्यास्त- ०५.४४ बजे
राहुकाल- मध्यान्ह ०१.३० से ०३ बजे तक
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- नामकरण, गोक्रय विक्रय, कर्णमर्दन, नृत्य वाद्य क्लार्क, आप्रेशन, शस्त्रधारण, मुकदमा दायर करना आदि।
विशेष- ललिता व्रत महाराष्ट्र, पूर्ण सिद्ध योग रात्रि ०१.४२ तक, स्कन्दमाता का दर्शन पूजन, आज देवी जी को चंदन का लेप करें तथा अलंकार समर्पित करें।

न्याय की मांग को लेकर दलित परिवार धरने पर बैठा

कौंधियारा (प्रयागराज)। जारी चौकी क्षेत्र के बरेठिया में बुधवार को ७५ वर्षीय फूलकली अपने परिवार के साथ घर के सामने धरने पर बैठ गईं। उन्होंने कनक हास्पिटल के संचालक राममिलन कुशवाहा पर मारपीट, मकान में ताला लगाने और फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगाया है। महिला के मुताबिक, ७ अक्टूबर को संचालक अपने साथ कई लोगों को लेकर उनके घर पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान परिवार के बच्चों से मारपीट की गयी और मकान में ताला लगा दिया गया। महिला ने जमीन के बैनामे में भी धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। एसडीएम बारा के निर्देश पर हल्का लेखपाल ने धरनास्थल पर पहुंचकर महिला की समस्या सुनी। फूलकली का कहना है कि मकान का ताला खुलने और मामले में न्याय मिलने तक परिवार का धरना जारी रहेगा। आरोपों पर अस्पताल संचालक और पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया है।

राजकीय पालिटेक्निक में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित

बरगढ़ (चित्रकूट)। राजकीय पालिटेक्निक बरगढ़ में बुधवार को कौमारी डेंटल क्लिनिक एंड हास्पिटल, गायत्री नगर, मऊ, चित्रकूट के तत्वावधान में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी के आईएमएस से प्रशिक्षित दंत रोग विशेषज्ञ डा. ऋषभ भार्गव (एमडीएस) ने संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों का निःशुल्क दंत परीक्षण कर परामर्श दिया। इस दौरान डा. भार्गव ने मुख स्वास्थ्य की महत्ता बताते हुए दांतों की नियमित सफाई, उचित देखभाल और दंत रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसके सफल संचालन में श्रीमती स्वाति खट्नानी, यांत्रिक अभियंत्रण विभागाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, शैक्षिक अधिकारी, कार्यशाला अधीक्षक श्रीमती शाजिया तबस्सुम तथा सिविल अभियंत्रण के व्याख्याता राणा सूर्यदेव सोनकर ने विशेष समन्वय किया। संस्थान प्रबंधन ने डा. ऋषभ भार्गव और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन में योगदान देने वाले सभी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

युवती से दुराचार, मुकदमा दर्ज

करछना (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पड़ोसी गांव के एक युवक पर करछना क्षेत्र में किराए के कमरे में ले जाकर दुराचार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, युवती की युवक से जान-पहचान थी। आरोप है कि युवक उसे किराए के कमरे में ले गया, जहां घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

गोवंश कटान की सूचना पर नैनी में छापेमारी, मचा हड़कंप

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकदोंदी कसाई मोहल्ले में मंगलवार देर शाम गोवंश कटान की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। कोतवाली प्रभारी अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस और पीआरवी टीम ने कई घरों व संदिग्ध ठिकानों की करीब दो घंटे तक तलाशी ली। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिलने की जानकारी है, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। हालांकि, बरामद वस्तुओं और किसी की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

मेले में माताओं को बाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक

ब्यूटीफुल मदर प्रतियोगिता में माताओं ने लिया हिस्सा, तीन को मिला सम्मान

मऊआइमा (प्रयागराज)। क्षेत्र के मरखामऊ स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) में बुधवार को



मदर मेले का आयोजन किया गया। इसमें माताओं और अभिभावकों को महिला सशक्तीकरण, बाल अधिकार, बालिका शिक्षा और लैंगिक समानता के प्रति जागरूक किया गया। मेले में बच्चों की माताओं, चाचियों और दादियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने, बालिकाओं को शिक्षित बनाने और महिलाओं को समान अधिकार देने पर चर्चा की गयी। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभिभावकों को जरूरी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया, ताकि जरूरत पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें। मेले में बच्चों की ओर से हस्तनिर्मित वस्तुओं के स्टाल भी लगाये गये। इन स्टालों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और हुनर को प्रदर्शित किया गया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ब्यूटीफुल मदर प्रतियोगिता रही। इसमें बच्चों की माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में तीन माताओं को मोस्ट ब्यूटीफुल मदर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीतिमा श्रीवास्तव, शिक्षिकाएं फात्मा बानो, मंजू, ममता, लीना सुलेमान, पूजा यादव, रिजवाना बानो, ग्राम प्रधान मोहम्मद वारिस सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0ः पी0आर0वाई0जे0-सिग-410-2026-27 दिनांकः 13.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 04.11.2026 को 15:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-**

कार्य का विवरणः प्रयागराज मण्डल के अलीगढ़ से गाज़ियाबाद सेक्शन में सेक्शनल सिगनलिंग रखरखाव का अनुबंध।

अनुमानित मूल्य (रूपये में)ः ₹ 7087241.49 (सत्तर लाख सत्तासी हज़ार दो सौ इकतालीस रूपये और उनचास पैसा मात्र)

निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में)ः ₹ 141800.00 | **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह

निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि ः 04.11.2026


निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी, बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **15.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **2341/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

वृद्धाश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर, सात का मोतियाबिंद आपरेशन

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने फल वितरित कर भजन संध्या का किया आयोजन

नैनी (प्रयागराज)। वरिष्ठ नागरिक पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आधारशिला वृद्धाश्रम,



नैनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में सात बुजुर्गों का चाका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के आपरेशन थिएटर में मोतियाबिंद का आपरेशन भी कराया गया।

स्वास्थ्य शिविर में सीएचसी चाका के चिकित्सक डा. संतोष दिवाकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. संगम लाल विश्वकर्मा, डा. राजेश बघेल, फार्मासिस्ट जय सिंह तथा आप्टोमेट्रिस्ट सुमित कुमार गुप्ता और वरुण शेष दुबे ने सहयोग किया। चिकित्सकीय टीम ने वृद्धाश्रम के सभी संवासियों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से बुजुर्गों को केले, सेब और चाकलेट वितरित किए गए। शाम को वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से भजन संध्या का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के महामंत्री एवं पूर्व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वीके श्रीवास्तव ने सुंदर कविता को फ्रेम कर वृद्धाश्रम को भेंट किया। भजन संध्या में जयश्री श्रीवास्तव, रेखा वर्मा, डा. वीके श्रीवास्तव, सर्वेश मिश्रा, मनमोहन सिंह और हरिश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व मंडलायुक्त आरएस वर्मा, डा. वीके श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार मिश्रा, मनमोहन सिंह, जयश्री श्रीवास्तव, साधू शरण उपाध्याय, रेखा वर्मा, किरण सक्सेना, हरिश कुमार श्रीवास्तव, डा. परशुराम मौर्य, डा. एसबी सिंह, आरके द्विवेदी, उषा श्रीवास्तव और शोभा रानी सहित करीब १०० वृद्धाश्रमवासी मौजूद रहे।

घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप, तीन के खिलाफ कारवाई की मांग

सैदाबाद (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के बीदां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही तीन लोगों पर शराब के नशे में गाली-गलौज, लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कारवाई करने और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

पीड़ित गुलाबचंद्र पुत्र शिवधारी के अनुसार, १२ अक्तूबर की रात करीब ११ बजे वह घर के अंदर सो रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के विजय बहादुर, रंजीत कुमार और अजीत कुमार उनके घर के सहन और दरवाजे पर पहुंच गये। तीनों कथित तौर पर पुरानी रंजिश को लेकर शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे। आवाज सुनकर गुलाबचंद्र बाहर निकले और विरोध किया तो आरोप है कि तीनों लाठी-डंडे लेकर उन्हें दौड़ाने लगे।

जान बचाने के लिए वह घर के अंदर चले गए, लेकिन आरोपित कथित तौर पर घर में घुस आए और घरेलू सामान में तोड़फोड़ करने के साथ ही लात-घूंसों तथा डंडों से उनकी पिटाई की। पीड़ित के मुताबिक, शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना के बाद उन्होंने पुलिस की आपातकालीन सेवा ११२ पर सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपित वहां से जा चुके थे। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कारवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

फार्मेट सी-1
(समाचार पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)
आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पताः मान सिंह
240 HIG, प्रीतमनगर, प्रयागराज
राजनैतिक दल का नामः समाजवादी पार्टी
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नामः उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन 2026
निर्वाचन क्षेत्र का नामः इलाहाबाद - झाँसी खण्ड स्नातक

मैं मान सिंह (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँः

(क) लंबित आपराधिक मामले -

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं तारीख	मामले (लो) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	विवेचनाधीन	मु0अ0सं0-0354/2021 धारा 171(ग), 171B, 171E, 171F, 123 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम PS मेजा, जिला-प्रयागराज
2.	लागू नहीं	लागू नहीं	विवेचनाधीन	मु0अ0सं0-0086/2025 धारा-189(2), 292, 329(3) BNS PS बारा, जिला-प्रयागराज

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण -

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दंड
1.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।